REG. NO. - JH-11-0007767

दैनिक संध्या

# झारखण्ड न्यूज

झारखण्ड NEWS 24

9431129570 9835125238 www.jharkhandnews24.com

08 फरवरी 2025

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी

### प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विकास की जीत कहा, केजरीवाल एवं सिसोदिया चुनाव हारे

झारखण्ड न्यूज24
नई दिल्ली




दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। चुनाव आयोग के अनुसार, भाजपा ने 48 सीटें जीती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी को 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा। कांग्रेस इस बार भी खाता नहीं खोल सकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत को विकास की जीत करार दिया। चुनाव परिणामों के बाद दिल्ली सचिवालय को सील कर दिया गया है, जिसमें बिना अनुमति के कोई भी फाइल या दस्तावेज बाहर नहीं ले जाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से भाजपा के प्रवेश वर्मा से हार गए, जबकि आतिशी ने कालकाजी सीट से जीत दर्ज की। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जंगपुरा से चुनाव हार गए। भाजपा ने 2020 के मुकाबले अपनी सीटों की संख्या 6 गुना बढ़ाई है, जबकि आप को 40 सीटों का नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए इसे विकास और पारदर्शी प्रशासन की जीत बताया। अरविंद केजरीवाल ने हार स्वीकार करते हुए भाजपा को बधाई दी और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार दिया है। चुनाव परिणामों के बाद भाजपा मुख्यालय में जश्न का माहौल है, जहां कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और जय श्रीराम के नारे लगाए। इस जीत के साथ भाजपा ने दिल्ली की राजनीति में महत्वपूर्ण वापसी की है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया एग्रोटेक किसान मेला-2025 का उद्घाटन

झारखण्ड न्यूज24
रांची



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची परिसर में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला-2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसर में प्रशिक्षण हॉल और वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। झारखंड में 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और कृषि पर निर्भर है। उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल किसानों के उत्थान में मदद कर रहा है, बल्कि कृषि विज्ञान के क्षेत्र में नई पीढ़ी को भी प्रशिक्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में खेती योग्य भूमि सीमित है, इसलिए इसके अधिकतम उपयोग के लिए सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करना जरूरी है। राज्य सरकार ने किसानों को सिंचाई के लिए एक लाख से अधिक कुओं के निर्माण की योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुएं और तालाब परंपरागत सिंचाई साधन हैं, जो अधिक विश्वसनीय हैं, जबकि बोरिंग सिस्टम कई बार असफल हो जाता है। इसलिए राज्य सरकार कुआं निर्माण को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत हर महीने 2500 रुपये की सहायता दी जा रही है। इससे महिलाएं पशुपालन, फूलों की खेती और अन्य कृषि गतिविधियों में भागीदारी कर सकती हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बिरसा कृषि मार्गदर्शिका-2025 का विमोचन किया। मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने मेला परिसर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और किसानों के साथ संवाद किया। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ. सुजय रक्षित, और प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. जगरनाथ उरांव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत, बरही चौक पर जश्न का माहौल

झारखण्ड न्यूज24
बरही
धनंजय कुमार



दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। झारखंड के बरही चौक पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार तरीके से विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व की नीतियों की जीत बताया। स्थानीय नेताओं का कहना है कि जनता ने भाजपा की विकास योजनाओं और सुशासन पर भरोसा जताया है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय।और मोदी मोदी के नारे लगाते हुए जीत की खुशी मनाई। बरही चौक ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड और देशभर में भाजपा समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जीत भाजपा की नीतियों और जनता के विश्वास का प्रमाण है। भाजपा नेताओं ने जनता का आभार जताया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया शमशेर आलम, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, पिंटू ठाकुर, ज्योतिष यादव सहित दर्जनों भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार, झारखंड बीजेपी में खुशी की लहर

### दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट और विकास के लिए बीजेपी पर जताया भरोसा : बाबूलाल मरांडी

झारखण्ड न्यूज24
रांची



दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त जीत दर्ज कर ली है और करीब 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करने जा रही है। 1998 में सुषमा स्वराज के नेतृत्व में बीजेपी ने आखिरी बार दिल्ली में सरकार बनाई थी, लेकिन इसके बाद शीला दीक्षित ने लगातार 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री के रूप में शासन किया। 2013 में आम आदमी पार्टी सत्ता में आई और करीब 11 वर्षों तक दिल्ली की गद्दी पर काबिज रही। दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से झारखंड बीजेपी में भी जश्न का माहौल है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है और विकास के लिए बीजेपी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विकास के मामले में पिछड़ चुका था, खासकर सड़कों की बदहाल स्थिति से जनता परेशान थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली के लोगों ने विश्वास जताया है कि वे विकास चाहते हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजों को झारखंड भाजपा आगामी चुनावों के लिए सकारात्मक संकेत मान रही है और इसे पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता की जीत बता रही है।

# राजस्व वसूली से संबंधित कटकमदाग अंचल में होगा कैंप का आयोजन


## उपायुक्त के निर्देश का अंचलाधिकारी तत्परता से कर रहे पालन

झारखंड न्यूज24
कटकमदाग









कार्यालय अंचल अधिकारी, कटकमदाग

-: आदेश :-

उपायुक्त, हजारीबाग की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व की समीक्षात्मक बैठक में दिये गए निदेश के आलोक में राजस्व की वसूली (सरकारी मालगुजारी/भू-लगान) हेतु अंचलवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कटकमदाग अंचल में तिथिवार निम्नवत् पंचायत भवन में कैम्प का आयोजन किया जाएगा –

| क्र० | पंचायत का नाम | कैम्प की निर्धारित तिथि | कैम्प में उपस्थित राजस्व उप निरीक्षक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर |
|---|---|---|---|
| 1 | कदमा II | 11-02-2025 | श्री विक्रम कुमार, रा०उ०नि० एवं मिथिलेश कुमार, क०ऑ० |
| 2 | मसरातु | 13-02-2025 | श्री बालेश्वर कुमार, रा०उ०नि० एवं श्री धिरेन्द्र प्रसाद सिंह, क०ऑ० |
| 3 | खपरियावाँ | 14-02-2025 | श्री विक्रम कुमार, रा०उ०नि० एवं श्री श्रवण कुमार गुप्ता, क०ऑ० |
| 4 | कुसुम्भा | 15-02-2025 | श्री बालेश्वर कुमार, रा०उ०नि० एवं श्री धिरेन्द्र प्रसाद सिंह, क०ऑ० |
| 5 | सुलताना | 16-02-2025 | श्री बालेश्वर कुमार, रा०उ०नि० एवं श्री धिरेन्द्र प्रसाद सिंह, क०ऑ० |

सभी भू-रैयतो को सूचित किया जाता है कि, उक्त निर्धारित तिथि को अपने-अपने पंचायत भवन में जाकर भू-लगान जमा करना सुनिश्चित करेंगे ।

विश्वासभाजन
अंचल अधिकारी,
कटकमदाग ।

ज्ञापांक 162 / दिनांक 08-02-2025
प्रतिलिपि– सभी राजस्व उप निरीक्षक, कटकमदाग अंचल को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित । साथ ही निदेश दिया जाता है, कि निर्धारित तिथि के पूर्व अपने-अपने हल्का में आम रैयतो के बीच प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें ।
प्रतिलिपि– भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर, हजारीबाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि– अपर समाहर्ता, हजारीबाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

अंचल अधिकारी,
कटकमदाग ।

उपायुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व की पूर्व समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में राजस्व की वसूली सरकारी मालगुजारी, भू लगान हेतु अंचल वार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कटकमंदाग अंचल में पांच कार्य दिवसों में प्रखंड के पंचायत भवन में कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो इस प्रकार है, 11 फरवरी को कदमा में, 13 फरवरी को मसरातु में, 14 फरवरी को खपरियावा में, 15 फरवरी को कुशुम्भा में, एवम 16 को सुल्ताना में। **क्या कहते हैं कटकमदाग अंचलाधिकारी विजय कुमार महतो** कटकमदाग अंचल के रैयतों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भू लगान वसूली के लिए पांच दिवसीय शिविर का आयोजन सभी पांच हल्का में किया जा रहा है, विदित हो कि कई वर्षो के बाद इस प्रकार का आयोजन रैयत के हित में किया जा रहा है, इससे न केवल भू लगान वसूली में आम लोगों को सुविधा होगी बल्कि सरकारी राजस्व के निर्धारित लक्ष्य को भी पूरा किया जा सकेगा साथ में आम लोगों को एक लंबे समय से भू लगान के लिए की जा रही प्रतीक्षा भी समाप्त होगी। कट. कमदाग की जनता और समस्त रैयतो से अपील है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपना बकाया लगान जमा करे ,एवम शिविर में पहुंचकर इसका लाभ ले, इसके लिए आवश्यक दस्. तावेजो में खतियान का फोटो कॉपी, ऑनलाइन पंजी 2 का फोटो कॉपी ,सेल डीड का फोटोकॉपी शिविर में लेकर आना अनिवार्य है।

## दिल्ली में मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों में जश्न का माहौल

झारखंड न्यूज24
देवरी

दिल्ली में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी में आज देवरी प्रखंड अंतर्गत चतरो मंडल में वरिष्ठ नेताओं एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर विजयोत्सव मनाई। इस ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लालगोविंद मिश्रा ने दिल्ली की जनता का दिल से आभार व्यक्त



करते हुए कहा की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और पूर्ण प्रतिब्धता परिणाम है और यही कारण है की दिल्ली की जनता ने दिखा दिया कि उनके दिल में जगह केवल विकास, विश्वास और देशभक्ति की राजनीति के लिए है और इस कारण हीं दिल्ली में भाजपा की 27 साल की प्रतीक्षा खत्म हुई।



# सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक में हुई अहम चर्चा

झारखण्ड न्यूज 24
नाला
बासुदेव





सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा नाला प्रखंड इकाई के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित फुटबॉल में एक बैठक हुई है। संगठन के प्रदेश सचिव सुमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अध्यापकों की समस्या, सांगठ. निक ढांचा को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त बनाने, एकता के सूत्र में बंधे रहने, संघ में शामिल सभी सदस्यों में गतिशीलता लाने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया है। इससे पहले सहायक अध्यापक के राज्य स्तरीय अगवा साथी शेख सिद्दिक के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि उनके द्वारा संचालित कार्यक्रम का सफल संचालन के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए सहयोग राशि संग्रह करने के संबंध में सहमति बनी तथा वह राशि 9 फरवरी को उनके परिजनों तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि शेख सिद्दीक एक जुझारू एवं कर्मठ व्यक्ति थे जो सहायक अध्यापक के हर आंदोलन में बढ़-कर कर हिस्सा लेते थे, उनकी कमी संघ को हमेशा खलेगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव सुमन सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार जब सहायक अध्यापकों का अधिकतर मांग पूरा किया है तो वेतनमान या वेतनमान समतुल्य मानदेय भी इन्हीं के नेतृत्व में पूरी की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि जिस सहायक अध्यापक का ईपीएफ संबंधी कोई गड़बड़ी है वह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पास आवश्यक कागजात के साथ आवेदन दें उनकी हर समस्या का समाधान हो. गा। इस मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी के अलावा वसीम अकरम, कालाचंद बाउरी, नींबू लाल हांसदा, अजीत माजी, पवित्र कुमार मंडल,प्रतिमा मंडल, अमिता दास, प्रभाकर महतो, मानिक महतो आदि सहायक अध्यापक काफी संख्या में उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब कोडरमा सभागार में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

झारखण्ड न्यूज 24
झुमरी तिलिया
मुकेश कुमार




रोटरी क्लब कोडरमा सभागार में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधीर कुमार थे सर्वप्रथम राष्ट्रगान से सभा की शुरुआत हुई अध्यक्ष अमित कुमार ने आए हुए सभी अतिथि रोटेरियन का स्वागत किया सचिव प्रवीण वर्णवाल ने क्लब के द्वारा इस महीने में होने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सुरेश जैन ने रोटरी फाउंडेशन और जन सेवा के कार्यों को बताया मुख्य वक्ता को रोटेरियन सुशील छाबड़ा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया आज के मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधीर कुमार ने सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी प्रोजेक्टर के द्वारा इनकम टैक्स भरते हुए क्या सावधानी रखनी चाहिए बजट भरने के लिए बहुत से नियम उसकी लाभ हानि की गणना को बताया कहां पर आपका टैक्स बचत हो सकता है और कहां पर आपको हानि हो सकती है मौके पर उपस्थित रोटरी के सदस्यों ने इनकम टैक्स के बारे में बहुत सी जानकारी सवाल जवाब के द्वारा हासिल की सुधीर कुमार ने कहा कि इनकम टैक्स फाइल हमेशा प्रति वर्ष समय पर जमा करना चाहिए और सही जानकारी सरकार को उपलब्ध करानी चाहिए अध्यक्ष अमित कुमार और रितु सेठ के द्वारा मुख्य वक्ता को प्रतीक चिन्ह भेंट किया अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में रोटरी क्लब के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में कई कार्य किए जाएंगे धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रवीण बरनवाल ने किया इस मौके पर रोटेरियन सुरेश सेठी विकास सेठ रितु सेठ संदीप सिन्हा सिमरनजीत सिंह धर्मेंद्र प्रसाद रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी नवीन जैन आदि लोग उपस्थित थे।

# मदरसा कादरिया अनवारुल उलूम में 11 वाँ सालाना जलसे की तैयारी जोरों पर

## बिराजपुर मदरसा में 15 फरवरी को हाफिज बनने वालों को दस्तारबंदी की जाएगी

झारखण्ड न्यूज 24
जामताड़ा
समीम अंसारी



जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के बिराजपुर गांव के मदरसा कादरिया अनवारूल उलूम में 15 फरवरी के रात्रि में जलसे का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। आपको बता दें कि जलसे में आस पास के गाँव सहित गिरिडीह व देवघर जिला से हजारों हजार लोग शिरकत करेंगे। मदरसा कमेटी के मौलाना असगर अली सबीतुल कादरी द्वारा जानकारी दी गई कि जलसे की सभी तैयारियां शुरू की जा चुकी है। जलसे में बड़े-बड़े उलेमा ए किराम सहित पिरे तरीकत हजरत मुफ्ती अब्दुल मुबीन नोमानी कादरी, उत्तर प्रदेश हजरत मुफ्ती सैयद राशिद मक्की मियां कछौछा शरीफ, जलसे को किताब फरमाएंगे। साथ ही साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विधायक, मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद उपस्थित होकर मदरसे के विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करेंगे। मदरसा कमेटी के मौलाना असगर ने बताया गया कि बाहर से आने वाले सभी मेहमानों का बिराजपुर के ग्रामीणों द्वारा गर्म जोशी के साथ इस्तकबाल होगा। बेहतर तरीके से मेहमानों का इंतजाम किया गया है, साथ ही मदरसे में हाफिज ए कुरान बच्चों की दस्तार बंदी होगी।

# फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

झारखण्ड न्यूज 24
कोडरमा
विजय यादव



कोडरमा पुलिस की विशेष टीम ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो फर्जी प्रमाणपत्र बनाकर सरक. ारी और निजी नौकरियों में भतह करा रहा था। इस मामले में तिलैया थाना क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तिलैया थाना क्षेत्र के पानी टंकी रोड पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मुकेश यादव पिता- रामचन्द्र यादव, निवासी- वार्ड नंबर 06, पोस्ट- लोकाय, थाना जिला- कोडरमा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मुकेश पिछले कई वर्षों से क्मदिबम-93 नामक यूट्यूब चौनल के माध्यम से युवाओं को फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी दिलाने का झांसा दे रहा था। इस चौनल के तीन लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नौकरी के इच्छुक युवाओं से संपर्क कर सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और अन्य संस्थानों में भर्ती दिलाने का दावा करता था। इसके लिए वह फर्जी दस्तावेज तैयार कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से रकम वसूलता था। नौ. करी पाने के बाद जब सत्यापन के दौरान प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाते थे, तो युवाओं को नौकरी से निकाल दिया जाता था। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने निम्न. लिखित सामान बरामद किया है जिनमें जिरोज़ेक कंपनी का मॉनिटर 1 पीस, डेल कंपनी का सीपीयू 1 पीस, डेल कंपनी का की-बोर्ड 1 पीस, डेल कंपनी का माउस 1 पीस, MI कंपनी का मोबाइल 1 पीस, नोकिया कंपनी का मोबाइल 1 पीस, बैंक ऑफ इंडिया के चेक. बुक 1, अन्य बैंकों के चेकबुक 1, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम 1, बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम 1 शामिल हैं। इस मामले में तिलैया थाना में कांड संख्या- 47/25 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी हुई है। कोडरमा पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोहों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। छापामारी दल में पुनि विनय कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी तिलैया, पुअनि महादेव पाण्डेय, तिलैया थाना, पुअनि अभिमनु पड़िहारी, एओजी प्रभारी, कोड. रमा, सशस्त्र बल एवं पैंथर आरक्षी तिलैया थाना शामिल रहें।

झाखंड न्यूज24 में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करे : 9431129570

# मोतियाबिंद के 116 मरीजों का नि:शुल्क हुआ अश्परेशन

झारखण्ड न्यूज 24
हुसैनाबाद
कृष्णा यादव



जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को हुसैनाबाद अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में लगभग 200 मरीजों के आँखों के जाँच हुआ। जिसमें 116 मरीजों को आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपण किया गया। मौके पर राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश गुप्ता ने बताया की आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपण के उपरांत सभी मरीजों को निरूशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जायेगा। आगे उन्होंने कहा की किसी व्यक्ति की आँखों की ज्योति लौटाना सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा की जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य किया जा रहा है। वही मौके पर नेत्र सहायक डॉ. धीरज प्रसाद, डॉ. दयानन्द, जय प्रकाश सिंह, ऑडी सचिन ठाकुर, कुंदन पासवान, लिपिक सुजीत शर्मा, एनएम शोभा कुमारी, सुधा कुमारी, सीएचसी प्रभारी एवंम कर्मचारी लोग मौजूद थे।

# प्रभारी आईटीडीए निदेशक ने किया प्रखंड के विकास योजना का निरीक्षण

झारखण्ड न्यूज 24
घाटशिला





जिले के उपायुक्त के निदेशानुसार घाटशीला प्रखंड के वरीय प्रभारी आईटीडीए निदेशक दीपांकर चौधरी द्वारा शनिवार को घाटशिला प्रखंड अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केन्द्र के साथ-साथ प्रखंड में चल रही है मनरेगा से संबंधित योजनाओं, जन वितरण प्रणाली डीलर का निरीक्षण प्रखण्ड में चल रहे सरकारी स्कूलों, पंचायत भवन, आयुष आरोग्य मंदिर का निरिक्षण किया गया के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा कनिय अभियन्ता गौरव कुमार भी मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान प्रभारी निदेशक ने विभिन्न विभागों से संबंधित जानकारी भी हासिल किया।

झारखंड न्यूज24 में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करे : 9431129570

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान द्वारा कांग्रेस में शामिल नेताओं का किया गया स्वागत

झारखण्ड न्यूज 24
झुमरी तिलैया
मुकेश कुमार



स्थित सूर्य बैंक्विट हॉल में आज कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागीरथ पासवान द्वारा भाकपा जिला सचिव सह राज्य परिषद सदस्य प्रकाश रजक एवं उनके साथियों को भाकपा छोड़ कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर पार्टी का प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ईश्वर आनंद सहित कोडरमा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, जिला उपाध्यक्ष रामलखन पासवान उप. स्थित रहे। ज्ञात हो की भाकपा जिला सचिव सहितभाकपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने विगत 2 फरवरी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के उपस्थिति में रांची प्रदेश कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया था। जिलाध्यक्ष पासवान ने रजक सहित सभी साथियों को कांग्रेस पार्टी का अंग वस्त्र पहनकर स्वागत करते हुए कहा कि राहुल गांधी के संविधान बचाओ के आह्वाहन पर हमारे साथी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं और आगे यह सिलसिला देश हित में जारी रहेगा। जबकि प्रकाश रजक ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की सुरक्षा हेतु एवं राहुल गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी जो भी जवाबदेही देगी हम सब उसके लिए तत्पर रहेंगे। प्रदेश सचिव सहाय ने कहा कि आज देश गांधीवादी विचारधारा एवं गोडसे विचारधारा के बीच बंटता नजर आ रहा है। प्रेम शांति अहिंसा व गांधी एवं अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने वाले पूरे देश में एकजुट हो रहे हैं जिनका कांग्रेस पार्टी स्वागत करता है। कांग्रेस के उक्त मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप रजक, कैमुद्दीन, गौतम दास, शमसुद्दीन अंसारी, तारा देवी, सोनू दास, असगर अली, सुनील शर्मा, नि. रंजन दास, रफीक आलम, सौरभ कुमार, फिरोज आलम, राहुल दास, भीम कुमार, रामेश्वर यादव दिलीप राम सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद ने किया।

# गोमिया इंटर कॉलेज के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई समारोह

झारखण्ड न्यूज 24
गोमिया
कुलदीप कुमार



गोमिया इंटर कॉलेज में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो दामोदर पांडेय ने कॉलेज के बारहवीं कक्षा के 220 छात्र छात्राओं को विदाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज में इन सभी छात्र छात्राओं का कार्य सराहनीय रहा और वे सभी शिक्षण कार्यो के साथ कॉलेज के अन्य गतिविधियों में काफी सक्रिय थे. कहा कि वे आगे चलकर आगे भी हर क्षेत्र में गोमिया, झारखंड एवं देश का नाम रौशन करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामाएं दी. बारहवीं की छात्रा मनीषा कुमारी व हंसिका कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने अपने कालेज के दो साल का दिनों का पढ़ाई का अनुभव बताया। कहा कि कॉलेज में प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने हमलोगों को सभी विषयों पर काफी अच्छा अध्ययन कराया और हमलोगों ने भी अध्ययन में काफी रुचि दिखाई.इस दौरान ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने सीनियरों का स्वागत फुलों की वर्षा कर, विदाई गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर किया. इस मौके पर सभी विद्यार्थियों कि आंखें नम थी। मिस्टर फेयरवेल अंकित कुमार, मिस फेयरवेल सीमा बेसरा, जुनियर च्वाइस रोजी परवीन बनी। जुनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्र-छात्राओं को भावभीनी आंखों से विदाई दिया। मौके पर व्याख्यातागण कहकशां बेगम, मो सलीम, संजय शर्मा, राम प्रसाद यादव, अंतेश कुमार सुनील शर्मा, फिलोमिना केरकेट्टा सहित कई विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# समारोह पूर्वक मना किड्ज़ी प्रीस्कूल घाटशिला का 11 वां वार्षिकोत्सव







**झारखण्ड न्यूज 24**
**घाटसिला**

किड्ज़ी प्रीस्कूल घाटशिला के द्वारा आशा अकृडिटोरियम में ग्यारवां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला की अंचल अधिकारी श्रीमति निशांत अम्बर मौजूद थीं। विशिष्ट अतिथियों में घाटशिला की प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती यौनिका शर्मा जै सी स्कूल की प्राचार्य रीता मण्डल शिक्षाविद प्रोफेसर मित्रेश्वर गोपालपुर की मुखिया श्रीमति सांखी हांसदा इंदल पासवान, विजय पांडे, वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक गोपाल कृष्ण बनर्जी, शिक्षक टिंकू गुप्ता स्वर्ण रेखा नर्सिंग होम के संचालक रंजीत ठाकुर ज़ी लर्न से अश्मित पांडे, किरण जोजो मौजूद रहे मुख्य व विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की आधिकारिक रूप से शुरुआत हुई इसके बाद किडजी घाटशिला की प्राचार्या रश्मि सिंह के द्वारा स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। साल भर स्कूल में होने वाले एक्टिटविटीज को उन्होंने विस्तार से बतलाया द्य उन्होंने कहा कि स्कूल ने अपना 12 सफल वर्ष पूर्ण किया द्य बच्चों का सर्वांगीण विकास और अविभावकों की संतुष्टि ही हमारा मूल मंत्र है। स्कूल के सभी अविभावकों को इस स्कूल पर भरोसा जताने के लिए उन्होने धन्यवाद दिया। इस दौरान जी लर्न द्वारा कनकलता टुडु, इंद्राणी राय, लिली बोस, सुमिता दास और रश्मि कुमारी सिंह को लॉन्ग सर्विस एक्सीलेंस अवॉर्ड का प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि श्रीमति निशात अम्बर, अंचल पदाधिकारी, घाटशिला द्वारा संबोधित किया गया। उनके द्वारा स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की गई। उन्होने कहा कि यहाँ से निकलने वाले बच्चे प्रतिभाशाली हैं। स्कूल प्रबंधन सही दिशा में अपना कार्य कर रहा है। उन्होने स्कूल प्रबंधन को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों तथा अविभावकों द्वारा वेलकम डांस, रेनबो डांस, हनुमान एक्ट, जिंगल बेल, ब्रदर सिस्टर, बंगाली डांस, जूबी-जूबी, दादा-दादी, हवा-हवाई, रानी लक्ष्मी बाई, चाँद तारे, रबिन्द्र संगीत, सांथाली डांस, पंजाबी डांस इत्यादि प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया- प्लेग्रुप रिदम एंड राईम्स फिएस्टा प्रथम-कनिष्क शर्मा, द्वितीय-एड्विवक सिंह, तृतीय-सिदार्था कुमार डे फैंसी ड्रेस कम्पटीशन प्रथम एड् ड्विवक सिंह, द्वितीय कनिष्क शर्मा, तृतीय-अंशिका नर्सरी (सेक्शन ए) रिदम एंड राईम्स फिएस्टा- प्रथम-यशस्वी सिंह, द्वितीय-अंकिता सांडा, तृतीय-सूर्यदीप चटर्जी फैंसी ड्रेस कम्पटीशन प्रथम अंकिता सांडा, द्वितीय स्वरांश मिश्रा, तृतीय-आराध्या जयंता भकत नर्सरी द्धसेक्शन बीत्ररिदम एंड रा. ईम्स फिएस्टा प्रथम तनिष्क हेम्बम, द्वितीय-मौली सिन्हा, तृतीय-हर्षित अगरवाल फैंसी ड्रेस कम्पटीशन- प्रथम तनिष्क हेम्बम, द्वितीय धर्मेश अकत, तृतीय-साहिल मार्डी जूनियर केजी फैंसी ड्रेस कम्पटीशन- प्रथम अमृतांश गराई, द्वितीय आन्या सरकार, तृतीय इप्शिता सरकार तथा घासी राम सोरेन स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन प्रथम दिव्यान्शु पांडा, द्वितीय अमृतांश गराई, तृतीय- सुभांश दास ड्राइंग कम्पटीशन- प्रथम केशब धबल देव द्वितीय- सबिना टुडू, तृतीय आराध्या दास सीनियर केजी ( सेक्शन एत्र -थीम कम्पटीशन- प्रथम मंसिरत कौर, द्वितीय आदिल्या सिंह, तृतीय- सोहन हेम्ब्रम स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन प्रथम आदित्या सिंह, द्वितीय मंसिरत कौर, तृतीय अथर्व सिंह सीनियर केजी (सेक्शन बी) थीम कम्पटीशन- प्रथम दीक्ष्यांत पट्टनायक, द्वितीय देवाशीष सोरेन, तृतीय उर्वी मार्डी स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन प्रथम काव्या माहता, द्वितीय कियान सिंघानिया, तृतीय कौशल हांसदा ड्राइंग कम्पटीशन ( सीनियर केजी, सेक्शन ए तथा बीत्र प्रथम शाम्भवी सिंह, द्वितीय- शुभम दत्ता, तृतीय- अंकुर रिदम एंड राईम्स फिएस्टा- प्रथम-कनिष्क शर्मा, द्वितीय-ए ड्विक सिंह, तृतीय-सिदार्थ कुमार डे फैंसी ड्रेस कम्पटीशन प्रथम एड्विवक सिंह, द्वितीय कनिष्क शर्मा, तृतीय-अंशिका नर्सरी (सेक्शन ए) -रिदम एंड राईम्स फिएस्टा- प्रथम-यशस्वी सिंह, द्वितीय-अंकिता सांडा, तृतीय-सूर्यदीप चटर्जी कैंसी ड्रेस कम्पटीशन- प्रथम अंकिता सांडा, द्वितीय स्वरांश मिश्रा, तृतीय-आराध्या जयंता भकत नर्सरी (सेक्शन बी)- रिदम एंड राईम्स फिएस्टा- प्रथम-तनिष्क हेम्बम, द्वितीय-मौली सिन्हा, तृतीय-हर्षित अगरवाल फैंसी ड्रेस कम्पटीशन- प्रथम तनिष्क हेम्बम, द्वितीय धर्मेश अकत, तृतीय-साहिल मार्डी जूनियर केजी-फैंसी ड्रेस कम्पटीशन- प्रथम अमृतांश गराई, द्वितीय आन्या सरकार, तृतीय इप्शिता सरकार तथा घासी राम सोरेन स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन प्रथम दिव्यान्शु पांडा, द्वितीय अमृतांश गराई, तृतीय- सुभांश दास ड्राइंग कम्पटीशन- प्रथम केशब धबल देव द्वितीय- सबिना टुडू, तृतीय- आराध्या दास सीनियर केजी (सेक्शन ए) -थीम कम्पटीशन- प्रथम मंसिरत कौर, द्वितीय आदित्या सिंह, तृतीय सोहन हेम्ब्रम स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन प्रथम आदित्या सिंह, द्वितीय मंसिरत कौर, तृतीय अथर्व सिंह सीनियर केजी ( सेक्शन बी) थीम कम्पटीशन- प्रथम दीक्ष्यांत पट्टनायक, द्वितीय देवाशीष सोरेन, तृतीय- उर्वी मार्डी स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन प्रथम काव्या माहता, द्वितीय कियान सिंघानिया, तृतीय- कौशल हासदा ड्राइंग कम्पटीशन (सीनियर केजी, सेक्शन ए तथा बी) प्रथम शाम्भवी सिंह, द्वितीय- शुभम दत्ता, तृतीय- अंकुर बेरा बेस्ट चाइल्ड (प्लेग्रुपअ- अंशिका बेस्ट चाइल्ड (नर्सरी)- साहिल मार्डी बेस्ट चाइल्ड (जूनियर केजी) नैमिष राज महतो बेस्ट चाइल्ड ( सिनियर केजी)- स्नेहलता टुडू बेस्ट चाइल्ड (क्लास-1)-प्रियम पांडाब. `स्ट अटेंडेंस ( जूनियर केजी)- पानवी सोरेन बेस्ट एक्टिव पेरेंट्स- आदित्या सिंह (सिनियर केजी) के माता-पिता मिसेस सुप्रीति घोष तथा मिस्टर कृपाल सिंह इस मौके पर कनक लता टुडू, इंद्राणी रॉय, लिली बोस, कनक लता देव, सुमिता दास, सिमरत कौर, सुजाता मजूमदार, अन्नू जायसी, सम्पा नायक, रुणु महतो, काजल महतो, पायल धबल देब, सुपर्णा बेरा, सबिता सिंह, दीपिका महतो, गणेश चन्द्र भकत, प्रशांतों बोस, हरे राम झा सुमित काफी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे।

# कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर बना पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता का चैंपियन

## यूनिवर्सिटी ऑफ़ बर्दवान, पश्चिम बंगाल बना उपविजेता





**झारखण्ड न्यूज़ 24**
**हजारीबाग**
**काशिफ अदीब**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की मेजबानी में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता का खिताब कीट विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर ने जीत लिया। उप. विजेता का खिताब यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान, पश्चिम बंगाल ने जीता। तीसरे और चौथे स्थान क्रमशः उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग छत्तीसगढ़ ने प्राप्त किया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ AIU के नियमों के अनुसार अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन पहले नॉकआउट पद्धति से और बाद में लीग पद्धति से किया जाता है। इसी के तहत उपरोक्त चारों विश्वविद्यालय दल अपने-अपने



पुल में विजेता होकर लीग में प्रवेश प्राप्त किया। शनिवार 8 फरवरी को प्रतियोगिता के अंतिम दिन इन चारों विश्वविद्यालयों का एक दूसरे के साथ कुल 6 मैच आयोजित हुए। सभी को तीन मैच खेलने पड़े। कीट विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर ने अपने तीनों मैच जीतकर प्रतियो. गिता को जीत लिया। वहीं यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान, पश्चिम बंगाल ने दो मैच जीत कर प्रतियोगिता का उपविजेता बना। उत्कल विश्वविद्यालय ने एक मैच जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया और लीग के तीनों मैच मे पराजित होने के कारण हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को चौथा स्थान से संतोष करना पड़ा। मुख्य अतिथि सह आईजी पंकज कंबोज, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पा. द्दार एवं विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी पंखरी बरवाडीह के महाप्रबंधक फैज तैयब ने सभी विजेता दलों को ट्रॉफी और सभी दल के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार कीट विश्वविद्यालय की पूजा अर्चना माझी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ, आक्रांता, यूनिवर्सिटी अश्वफ़ बर्दवान की सुष्मिता दास को तथा सर्वश्रेष्ठ, रक्षक, कीट विश्वविद्यालय के कप्तान मगई माझी को प्राप्त हुआ। समापन समारोह में सर्वप्रथम आयोजन सचिव सह विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ रखो हरि ने पूरे प्रतियोगिता का प्रतिवेदन पाठ किया। डॉ सुबोध कुमार सिंह, डॉ नीरज डांग, डॉ जॉनी रुफिना तिर्की, डॉ मृत्युंजय प्रसाद एवं शोधार्थी पुष्कर ने बड़ी ही रोचक अंदाज में कार्यक्रम का संचालन किया। छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय तिरंगा, भारतीय विश्वविद्यालय संघ का ध्वज तथा विश्वविद्यालय ध्वज का अवरोहण किया गया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर रविराज की प्रतिक्रिया, कहा झूठ की राजनीति का हुआ पतन

झारखण्ड न्यूज 24
चंदवा
रविकांत ठाकुर

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेता रविराज ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झूठ की गंदी राजनीति का पतन होना जरूरी था। दिल्ली के लोगों को नरक से आजादी मिलेगी। अब दिल्ली के लोगों को पता लगेगा कि राजधानी कैसी होनी चाहिए।



रविराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि अब दिल्ली के लोगों को अच्छी जिंदगी, स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी के लिए तरसना नहीं पड़ेगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की हार पर टिप्पणी करते हुए रविराज ने कहा कि इनका यह हश्र होना ही था, इन लोगों के खिलाफ जनता में आक्रोश था। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गारंटी ली, तब लोगों को पता चला कि उनके साथ शोषण, छल और भ्रष्टाचार हुआ है।

# अमरपुरा निवासी लगभग 79 वर्षीय अमरदेव यादव का ईलाज के दौरान निधन, कई लोगों ने जताया शोक





झारखण्ड न्यूज 24
रफीगंज
कृष्णा यादव

औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत अमरपुरा निवासी लगभग 79 वर्षीय अमरदेव यादव का इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में शनिवार को सुबह निधन हो गया। वे बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे।उनकी निधन की खबर सुनते ही आस पास के लोग व उनके रिश्तेदारों का घर पर आने जाने का तांता लगा रहा। सरल स्वभाव व मृदुभाषी होने के कारण उन्होंने समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। वे स्पष्टवादी के रूप में जाने जाते थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री, नाती-नतिनी, पोता - पोती समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शनिवार को सुबह 11:30 बजे हिन्दू रीति रिवाज से अम. रपुरा पूर्व स्थित मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र सुरेंद्र यादव ने दी। वहीं औरंगाबाद संसद अभय कुमार कुशवाहा, विधायक मोहम्मद नेहालुद्दीन अंसारी, ज़िप सदस्य संजय कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष छोटू सिंह, प्रखण्ड प्रमुख स्नेहा कुमारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अरविंद यादव, कोटवारा पंचायत के मुखिया बिंदेश्वर यादव, डॉ अरविंद यादव, प्रोफेसर प्रमोद यादव, नंद कुमार सत्यम, अनिल यादव, बीएसएफ अरुणजय यादव, सर्वोदय सैनिक स्कूल के प्रधानाध्यापक भरत सिंह भारती, अलखदेव यादव रेलवे कर्मचारी, बीरेंद्र यादव, दीपक कुमार, नागेंद्र, उपेंद्र, योगेंद्र, रजनीश कुमार, रंजीत कुमार सहित कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की एवं मृतक की आत्मा के शान्ति के लिए भगवान से दुआ मांगी।

# मौसम और उम्र का मेल, शादी का सीजन शुरू : अविनाश देव

झारखण्ड न्यूज 24
पांकी
शिवशंकर पासवान

समाजशास्त्रियों और ज्योतिष विज्ञानियों के अनुसार, इंसानी फितरत और जीवन के संस्कारों का गहरा संबंध मौसम से होता है। जैसे ही मौसम बदलता है, शादी का सीजन भी शुरू हो जाता है। विवाह सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन की एक नई शुरुआत होती है। वर-वधू के बीच शादी एक बायोलॉजिकल समझौता होता है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से जीवन भर साथ निभाने का वादा किया जाता है। इस पवित्र बंधन को और भी खास बनाने के लिए परिवार, रिश्तेदार और



शुभचिंतक नवविवाहितों को आशीर्वाद देने के लिए एकत्रित होते हैं। शादी के इस शुभ मौसम में अपनों के निमंत्रण पर विभिन्न समारोहों में शामिल होकर, वर-वधू को आशीर्वाद देना और इन पलों का साक्षी बनना, सामाजिक ताने-बाने को और मजबूत करता है।

# पोखरी खुर्द से महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज रवाना





झारखण्ड न्यूज 24
बरवाडीह

बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला पंचायत स्थित पोखरी खुर्द से महाकुंभ स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को अपने सुरक्षित वाहन से पूरे विधि- विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं के जत्थे में समा. जसेवी अवध कुमार सिंह, पूर्व पंसस प्रत्यासी अनिल प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य शामिल हैं। सभी ने कुंभ स्नान करने के बाद क्षेत्र के सुख-समृद्धि और अमन चौन के लिए भगवान से प्रार्थना करने की बात कही।

# हुसैनाबाद के बालिका आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

झारखण्ड न्यूज 24
हुसैनाबाद
कृष्णा यादव

झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हुसैनाबाद ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में नामांकन हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सं. बंध में जानकारी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जारी की गई है। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर में कक्षा 6वीं के लिए कुल 50 सीटें जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद के लिए 75 सीटें निर्धारित की गई हैं। चयन प्रक्रिया में अनाथ, अनुसूचित जनजाति, आदिवासी ,दिव्यांग, पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाएँ को प्राथमि. कता दी जाएगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 शाम 4:00 बजे तक रखी गई है। अभिभावकों को आवेदन के साथ माता-पिता या अभिभावक का आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, आवेदिका तथा माता-पिता व अभिभावक के पासपोर्ट साइज़ के दो-दो फोटो अनिवार्य है।विद्यालय प्रबंधन समिति ने आग्रह किया है कि अभिभावक समय रहते आवेदन जमा कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं ताकि भविष्य की पीढ़ी में उज्जवल परिवर्तन सुनिश्चित हो सकें।

# रविवार से होगा मैट्रिक व इंटर के परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड का वितरण

झारखण्ड न्यूज 24
हुसैनाबाद
कृष्णा यादव

प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में अध्ययनरत मैट्रिक एवं इंटर के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा का एडमिट कार्ड रविवार से वितरण किया जाएगा। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बैजनाथ राम ने दी। उन्होंने बताया कि मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से प्रारंभ होने वाली है। परीक्षा. र्थियों को किसी तरह की समस्या नहीं हो, इस लिए अवकाश के दिन भी एडमिट कार्ड का वितरण किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों से ससमय विद्यालय से एडमिट कार्ड प्राप्त करने का निर्देश दिया है।

JHARKHAND NEWS24